वर्ष-11 । अंक 124 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

दैनिक अदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर
शुक्रवार, 09 मई, 2025

# भारत ने 100 मिसाइलों से बरपाया कहर पाकिस्तान पर...

## भारतीय की तीनों सेनाओं ने जवाबी करवाई में दहलाया कराची से लाहौर तक...



पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार रात को ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। ये हमले जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में किए गए। पाकिस्तान ने सुसाइड ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जिन्हें भारत के S-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने नाकाम कर दिया। जम्मू और पठानकोट पर सुसाइड ड्रोन्स से हमला हुआ। पाकिस्तानी ड्रोन्स ने जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को निशाना बनाया, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से आरएसपुरा सेक्टर में भारी शेलिंग हो रही है। नियंत्रण रेखा (LoC) के पास कुपवाड़ा और बारामूला में पाकिस्तानी की ओर से भारी फायरिंग हो रही है, जिसका भारतीय सेना जवाब दे रही है। सतवारी, सांबा, आरएस पुरा सेक्टर और अरनिया में 8 मिसाइलें दागीं। इन्हें भी भारतीय S-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया।

### पाकिस्तान ने सभी हवाई अड्डों पर उड़ानें निलंबित कीं

पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (PPA) ने एक बयान में कहा कि कराची के जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन गुरुवार मध्यरात्रि तक निलंबित रहेगा।

### चंडीगढ़ में भी ब्लैकआउट

जैसलमेर, श्रीगंगानर और चंडीगढ़ में भी ब्लैकआउट। साथ ही श्रीगंगानर के अनूपनगर में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। चंडीगढ़ में भी ब्लैकआउट किया गया है।

### जालंधर में एक ड्रोन मार गिराने की सूचना

जालंधर में सूरानस्सी इलाके में एक ड्रोन मार गिराने की सूचना है। रात करीब नौ बजे दो से तीन धमाकों की आवाज सुनी गई। बताया जा रहा है कि ड्रोन को हवा में भी मार गिराया गया है।

### पंजाब-राजस्थान में ब्लैक आउट

जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में ब्लैक आउट के आदेश जारी हुए है। पंजाब के फाजिल्का, फिरोजपुर ,जालंधर, होशियारपुर समेत कई जिलों में ब्लैकआउट है।

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। इसके तहत पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर (PoK) में मिसाइलों से हमला करते हुए नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया।

भारतीय सेना और वायुसेना ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालयों पर धावा बोलकर उन्हें ध्वस्त किया। ये ठिकाने पाकिस्तान के सबसे बड़े आतंकी सरगना हाफिज सईद व मसूद अजहर का अभेद्य किला माने जाते थे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने आज संसद भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित विपक्ष के कई दिग्गज नेता मौजूद थे। बैठक में राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं।

### आतंकी संगठन हमास और ISI का गठजोड़

रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान से सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया पर 8 मिसाइलें दागी गईं। सभी को वायु रक्षा इकाइयों ने विफल कर दिया है। जम्मू के ऊपर के दृश्य बिल्कुल इजरायल पर हमास शैली के हमले की याद दिलाते हैं। कई रॉकेट दागे गए। ऐसा माना जा रहा है कि पाक सेना आतंकवादी संगठन हमास की तरह काम कर रही है, क्योंकि जिस तरीके से ड्रोन हमले किए गए हैं। ऐसी हमास की रणनीति होती है। बता दें कि पिछले महीने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और हमास नेताओं की PoK में मुलाकात हुई थी।

### एयर डिफेंस सिस्टम ने F-16 को मार गिराया

ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बौखला उठा है। पाकिस्तान ने गुरुवार देर रात जैसलमेर पर हमला किया गया। पठानकोट एयरबेस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं, ऐसी खबरें सामने आ रही है कि एयर डिफेंस सिस्टम ने F-16 को मार गिराया है।

### पाकिस्तान के भीतर मची खलबली

पाकिस्तान के भीतर खलबली मच गई है और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसको लेकर सैन्य व सुरक्षा से जुड़ी एक आपात उच्चस्तरीय बैठक भी बुलाई। पाकिस्तानी सेना ने भी कबूल किया कि उसके आठ शहरों समेत लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम पर भारत ने हमला किया जिसमें चार पाकिस्तानी सैनिक घायल भी हुए हैं। इस बौखलाहट में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में एलओसी और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पर फायरिंग तेज कर दी है जिस पर भारत ने चेतावनी दी कि उसने टकराव बढ़ाने की कोशिश की तो उसका मुंहतोड़ जवाब देगा।

## सिख गुरुद्वारे पर पाकिस्तान ने हमला किया



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि पाकिस्तान ने सिख गुरुद्वारे पर हमला किया। इस हमले में तीन लोगों की मौत हुई है। विदेश सचिव ने बताया कि पाकिस्तान सिख समुदाय को निशाना बना रहा है।

## हर हिमाकत का पाकिस्तान खुद जिम्मेदार होगा : विदेश सचिव विक्रम मिस्री

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि पाकिस्तान में यह भी अजीब है कि आतंकियों के अंतिम संस्कार उनके राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे ताबूतों में किए जा रहे हैं और राजकीय सम्मान दिया जा रहा है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान के हर रवैये का जवाब देगा और इसके लिए खुद पाकिस्तान जिम्मेदार होगा।

### भारत की कार्रवाई सटीक : विदेश मंत्रालय

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, 'जब यूएनएससी में पहलगाम के बारे में बातचीत चल रही थी, तो पाकिस्तान ने टीआरएफ की भूमिका का विरोध किया था। यह तब हुआ जब टीआरएफ ने एक बार नहीं, बल्कि दो बार हमले की जिम्मेदारी ली। कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर सिंह ने कल और आज भी स्पष्ट रूप से कहा कि भारत की प्रतिक्रिया गैर-बढ़ाने वाली, सटीक और नपी-तुली है। हमारा इरादा मामले को बढ़ाने का नहीं है और हम केवल बढ़ोतरी का जवाब दे रहे हैं। किसी भी सैन्य लक्ष्य को निशाना नहीं बनाया गया है। सिर्फ पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया है।

### पाकिस्तान के रडार सिस्टम को हमने निशाना बनाया

पाकिस्तान की तरफ से भारी गोलीबारी की गई। जिसमें अबतक 16 भारतीय नागरिकों की जान गई है। साथ ही भारत के 15 सैन्य ठिकानों पर भी पाकिस्तान ने हमले की कोशिश की। हमने लाहौर का एयर डिफेंस सिस्टम भारत ने नष्ट कर दिया है।

### दूतावास कर्मियों के लिए निर्देश जारी


लाहौर और उसके आस-पास ड्रोन विस्फोटों, गिराए गए ड्रोनों और संभावित हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की खबरों के कारण, लाहौर में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास ने सभी वाणिज्य दूतावास कर्मियों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का निर्देश दिया है। वाणिज्य दूतावास को शुरुआती रिपोर्ट भी मिली है कि अधिकारी लाहौर के मुख्य हवाई अड्डे से सटे कुछ इलाकों को खाली करा सकते हैं।

### पाक ने वायु रक्षा रडार प्रणालियों को बनाया निशाना

रक्षा मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। भारतीय प्रतिक्रिया पाकिस्तान की तरह ही उसी क्षेत्र में और उसी तीव्रता से रही है।

**लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम तबाहः** आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की प्रतिक्रिया भी पाकिस्तान की ही तरह उसी तीव्रता से हुई है।

## हमारी सेनाओं ने आतंकी कैंप्स को नेस्तनाबूद किया : राजनाथ सिंह



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता सराहनीय है. हमारी आर्म्ड फोर्सेस ने कल जो कार्रवाई की है, जो शौर्य और पराक्रम दिखाया है, उसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान और PoK में जिस तरह से हमारी सेनाओं ने आतंकी कैंप्स को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है। रक्षामंत्री ने कहा कि क्वालिटी की क्या भूमिका होती है, यह क्या रोल अदा करती है, इसका एक नमूना हमने कल देखा. जिस सटीकता के साथ,ऑपरेशन सिंदूर किया गया, वह अविश्वसनीय रहा।

## पाकिस्तान ने देश के शहरों पर हमले की कोशिश की : सोफिया



प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोफिया ने बताया कि भारत ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया। पाकिस्तान को पहले ही चेतावनी दी गई थी और पाकिस्तान ने कई शहरों पर हमले की कोशिश की थी, जिसे भारत ने नाकाम कर दिया। सोफिया ने यह भी बताया कि ड्रोन और मिसाइल से हमले की कोशिशें की गई थीं, लेकिन उन्हें नाकाम कर दिया गया। इन हमलों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो पाकिस्तानी हमलों को साबित करते हैं।

छात्राओं को सामाजिक सुरक्षा, आत्म-सम्मान और वैचारिक हमलों से सावधान रहने के लिए जागरूक किया गया

# एमसीयू में 'सहेली टुगेदर फॉर नेशन' जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

संवाददाता ● भोपाल





कार्यक्रम

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में गुरुवार को आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) एवं महिला विकास प्रकोष्ठ द्वारा प्रज्ञा प्रवाह के सहयोग से "सहेली – टुगेदर फॉर नेशन" विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के तक्षशिला भवन स्थित श्रीनिवास रामानुजन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को सामाजिक सुरक्षा, आत्म-सम्मान और वैचारिक हमलों से सावधान रहने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महासचिव, इंडिया तिब्बत समन्वय संघ, मध्यप्रदेश महिला आयोग की पूर्व सदस्य तथा 'कल्याणी' मासिक पत्रिका की संपादिका सुश्री राजो मालवीय थीं। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की।

मुख्य वक्ता सुश्री राजो मालवीय ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में कहा कि यह केवल धर्म का मुद्दा नहीं है, यह एक योजनाबद्ध षड्यंत्र है, जिसमें भोली-भाली और असुरक्षित लड़कियों को निशाना बनाया जाता है । यह एक वैचारिक युद्ध है । उन्होंने स्पष्ट किया कि कैसे प्रेम, संबंध और मित्रता के नाम पर लड़कियों को मानसिक रूप से प्रभावित कर गलत दिशा में मोड़ा जाता है और अंततः उन्हें नुकसान पहुंचाया जाता है । उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि केरल में 400 से अधिक लड़कियों का अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया, और यह शब्द 'लव जिहाद' पहली बार वहीं एक न्यायाधीश द्वारा परिभाषित किया गया । उन्होंने छात्राओं को सचेत करते हुए यह भी बताया कि यह सुनियोजित गतिविधियां जिम, कोचिंग, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से की जाती हैं। भोपाल में पिछले साल तीन दर्जन से अधिक मामले दर्ज हुए हैं । उन्होंने चेताया कि इस पूरे तंत्र को आर्थिक मदद भी दी जाती है और इसमें लड़कियों की तस्वीरों का गलत उपयोग,खरीद-फरोख्त तथा जबरन विवाह जैसे घातक पहलू शामिल हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने 1994 का एक प्रसंग साझा किया, जिसमें इंदौर में एक प्रभावशाली व्यवसायी दंपत्ति ने आत्महत्या की थी । उन्होंने बताया कि उनकी बेटी को एक संगठित और योजनाबद्ध तरीके से फंसाया गया था । उन्होंने कहा कि हमें धर्म के परे जाकर, समाज में हो रहे इस प्रकार के वैचारिक हमलों को समझना होगा और उससे जूझने के लिए संगठित होना होगा।

कार्यक्रम के समापन पर आंतरिक शिकायत समिति की प्रमुख एवं डीन अकादमिक, प्रो. पी. शशिकला ने कहा कि इस जागरूकता सत्र का उद्देश्य किसी धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक सतर्कता की दिशा में उठाया गया कदम है ताकि किसी भी अनहोनी से पहले जागरूकता के माध्यम से उसकी रोकथाम की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसे गलत संदर्भ में न लिया जाए, बल्कि छात्राओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखते हुए इसे एक सकारात्मक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए । कार्यक्रम में सभी ने विषय की गंभीरता को समझते हुए इससे संबंधित तथ्यों एवं उपायों पर गंभीर विचार किया। संचालन महिला विकास प्रकोष्ठ की सदस्य सुश्री मनीषा वर्मा ने किया ।

## शॉट न्यूज

### आत्महत्या मामले में चार महिला आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार

**इंदौर।** 3 महा पूर्व बाणगंगा थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी पूरे मामले में युवक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था जिसमें उसने अपनी पत्नी साली और सास पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे इस मामले में पुलिस ने चार महिला आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया है जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। दरअसल दो महा पूर्व बाणगंगा क्षेत्र के रहने वाले नितिन पडियार नामक युवक ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर कर ली थी मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था जिसमें उसने अपनी पत्नी हर्षा पर कई गंभीर आरोप लगाए थे वही सास सीता और दो साली मीनाक्षी और वर्षा गंभीर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे जिनकी प्रताड़ना से परेशान होकर नितिन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।

### युवती की आत्महत्या में धोखेबाज प्रेमी पर केस दर्ज


**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में एक युवती के फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। युवती और आरोपी के बीच प्रेम प्रसंग था मगर आरोपी ने उसे धोखा दिया और दूसरी लड़की से शादी करने वाला था। इसी से आहत युवती ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली थी। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना 13 अप्रैल की है। नंदना नगर छोटा बागडदा रोड़ क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय हर्षिता ने घर में फांसी लगा ली थी। परिजन उसे अस्पताल ले गए थे जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पंकज चौहान निवासी वंदना नगर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज किया है।

### फर्जी वसीयत बनवाने पर भाई और भतीजे पर केस दर्ज

**इंदौर।** पोलोग्राउंड में लीज पर मिली जमीन और बिस्किट कारखाने की फर्जी वसीयत बनाकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया हैं। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बुजुर्ग फरियादी के भाई-भतीजों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक विजय कुमार पिता स्व. कोडाराम पाहुजा (70) निवासी अलंकार पैलेस केसरबाग रोड की ओर से चन्द्रभान पिता स्व. कोडाराम पाहुजा निवासी सुदामा नगर, अशोक पिता स्व. कोडाराम पाहुजा (66) निवासी वीर सावरकर नगर, वेदप्रकाश पिता स्व. कोडाराम पाहुजा (64) निवासी पलसीकर कॉलोनी. कैलाश पिता स्व. कोडाराम पाहुजा (62) निवासी सच्चिदनंद कॉलोनी, संजय पिता चन्द्रभान पाहुजा, निवासी सुदामा नगर और रवि पिता सेवकराम कोडवानी निवासी दुबे कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

केरवा डेम रोड,रातीबड़, बैरागढ़, अरेरा कॉलोनी 10no क्षेत्र के

## रेस्टोरेंट/होटल/ ढाबों पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही



संवाददाता ● भोपाल



आज सहायक आबकारी आयुक्त श्री वीरेंद्र धाकड़ के निर्देश पर एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी आर जी भदौरिया के नेतृत्व में आबकारी विभाग की 4 टीमों ने केरवा डेम रोड एवं रातीबड़ ,10 न अरेरा कॉलोनी,बैरागढ़ क्षेत्र के विभिन्न रेस्टोरेंट,होटल ढाबों पर देर रात तक तलाशी अभियान चलाकर ब्लू लगून, हाइड आउट,ट्री चैप्टर,बेसिल,कंट्री साइड मिडोज ,वन माल्ट,खासियत,r-एमबायंस ,मोक्ष क्लब, रजवाड़ा ढाबा पेज-३,कुसीन कल्चर आदि होटल /ढाबे , रेस्टोरेंट चैक किए। अवैध स्थल पर मदिरापान करने वालों के साथ ही इन होटल ढाबों के संचालकों/मालिकों पर विधिवत आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किए। आज की कार्यवाही में कुल 48 प्रकरण पंजीबद्ध किए। दूसरी टीम द्वारा बैरसिया क्षेत्र में बैरसिया रोड के किनारे अवैध हाथ भट्टी शराब बेचने वालो के विरुद्ध कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किए आज की कार्यवाही में जिले के समस्त अधिकारीगण एवं स्टाफ मौजूद रहा। ऐसी कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेगी।

## स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट


संवाददाता ● भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में छूट प्रदान की जाएगी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह छूट एलवी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। एल.वी.-1ः घरेलू और एल.वी.-3ः सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह एल.वी.-2ः गैर-घरेलू और एल.वी.-4ः एल.टी. औद्योगिक ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20% की छूट प्रदान की जाएगी। उपरोक्त दोनों ही श्रेणियों में यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी। वहीं स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें एल.वी.-1ः घरेलू, एल.वी.-2 गैर घरेलू, एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और एलवी-4 एलटी औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20% की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी।

## अहमदाबाद पटना अहमदाबाद साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 02-02 ट्रिप

भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर एवं बीना स्टेशनों से होकर गुजरेगी

संवाददाता ● भोपाल



गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 09485/09486 अहमदाबाद – पटना – अहमदाबाद साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (02-02 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर एवं बीना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 09485 अहमदाबाद – पटना ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (02 ट्रिप)**

गाड़ी संख्या 09485 अहमदाबाद – पटना विशेष ट्रेन दिनांक 09 मई एवं 16 मई 2025 (प्रत्येक शुक्रवार) को अहमदाबाद स्टेशन से शाम 16:35 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 03:30 बजे संत हिरदाराम नगर, सुबह 06:35 बजे बीना स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद रात 23:45 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 09486 पटना – अहमदाबाद ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (02 ट्रिप)**

गाड़ी संख्या 09486 पटना – अहमदाबाद विशेष ट्रेन दिनांक 11 मई एवं 18 मई 2025 (प्रत्येक रविवार) को सुबह 04:00 बजे पटना स्टेशन से प्रस्थान कर, उसी दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए रात 22:25 बजे बीना, अगले दिन रात 01:30 बजे संत हिरदाराम नगर एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद दोपहर 13:30 बजे अहमदाबाद स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट** – रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में अहमदाबाद, नडियाद, छायापुरी (वडोदरा), रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, दमोह, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व रेलवे की अधिकृत पूछताछ सेवा NTES/139 के माध्यम से गाड़ी की सटीक स्थिति की जानकारी प्राप्त करें। विस्तृत समय-सारणी एवं ठहराव विवरण हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

MIT-WPU स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड कॉमर्स ने B. Com

## फाइनेंशियल एनालिसिस प्रोग्राम लॉन्च किया




संवाददाता ● भोपाल

MIT वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (MIT-WPU) ने अपने नए B.Com फाइनेंशियल एनालिसिस प्रोग्राम की शुरुआत की, जिसमें चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट (CFA) संस्थान के प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति रही। इस प्रोग्राम में उन्नत वित्तीय पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे में शामिल करने की संयुक्त योजनाएं प्रस्तुत की गईं, ताकि छात्रों को वैश्विक वित्त क्षेत्र में सफल करियर के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किए जा सकें। इस अवसर पर MIT वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड कॉमर्स की डीन, डॉ. अंजलि साने ने कहा, 'B.Com फाइनेंशियल एनालिसिस प्रोग्राम के सफल लॉन्च के साथ हमें निवेश उद्योग में उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श का अवसर मिला। हमारा ध्यान ऐसा पाठ्यक्रम विकसित करने पर है जो वैश्विक उद्योग मानकों के अनुरूप हो और छात्रों को वित्तीय क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करे। हमें विश्वास है कि यह प्रोग्राम उन्हें उनके पेशेवर जीवन की शुरुआत से ही उद्योग के लिए तैयार बनाएगा।"


इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, CFA इंस्टिट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर (ग्लोबल पार्टनरशिप्स एंड क्लाइंट सॉल्यूशंस) श्री पॉल मूडी ने कहा, "हमें MIT वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के B.Com फाइनेंशियल एनालिसिस प्रोग्राम की शुरुआत से खुशी हो रही है, जिसमें अब हमारे Investment Foundations Certificate को शामिल किया गया है। यह सहयोग छात्रों को निवेश और वित्तीय ज्ञान की एक मजबूत नींव प्रदान करेगा, जिससे वे वैश्विक वित्त क्षेत्र में सफल करियर के लिए तैयार हो सकें।" MIT-WPU के कुलपति डॉ. आर. एम. चिटनिस ने कहा, "CA, CS और CMA भारत में व्यावसायिक पाठ्यक्रम हैं, जो ऑडिटिंग, टैक्सेशन और कानूनी अनुपालन पर केंद्रित होते हैं और संसद द्वारा अधिनियमित कानूनों के तहत मान्यता प्राप्त हैं। इसके विपरीत, CFA एक वैश्विक योग्यता है जो वित्त और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग में कार्यरत कंपनियों को सहयोग करती है और एक अलग क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है। जो छात्र इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ CFA की पढ़ाई करेंगे, उन्हें तेज़ी से बदलती वित्तीय दुनिया में एक महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त होगी। नए शुरू किए गए B.Com फाइनेंशियल एनालिसिस प्रोग्राम के तहत, MIT-WPU अपने कैंपस में CFA लेवल I और II परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिसे पाठ्यक्रम में सीधे एकीकृत किया गया है। पहले वर्ष में, छात्रों को CFA इंस्टिट्यूट से Investment Foundations Certificate प्राप्त करने का भी अवसर मिलेगा।

एआई-आधारित नवाचार को तेज़ कर बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने की पहल

# एसबीआई लाइफ ने 'हैक-एआई-थॉन' लॉन्च किया

एजेंसी ● मुंबई

पहल



भारत की सबसे विश्वसनीय निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 'हैक-एआई-थॉन' के पहले संस्करण की शुरुआत की है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की नवाचार पहल है, जो होनहार प्रतिभाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के माध्यम से जीवन बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने के लिए प्रेरित करती है। यह पहल भारत भर के टेक्नोलॉजी छात्रों को एक अनूठा मंच प्रदान करती है, जहाँ वे बीमा से जुड़ी व्यावसायिक चुनौतियों जैसे ग्राहक अनुभव में सुधार, उत्पाद की पहुंच बढ़ाना और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे क्षेत्रों में नए और अनूठे समाधान बनाने में सहयोग कर सकते हैं।

एसबीआई लाइफ के 'हैक-एआई-थॉन' के रीजनल राउंड में लोगों की ओर से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें पूरे भारत से 7,500 से अधिक टेक छात्रों ने पंजीकरण किया। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद, पुणे, दिल्ली और चेन्नई में आयोजित रीजनल राउंड के लिए 50 से अधिक टीमों का चयन किया गया। इन फाइनलिस्ट में से शीर्ष 15 टीमों को मुंबई में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में अपने नवाचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। जूरी इन समाधानों का मूल्यांकन मौलिकता, व्यावहारिकता और वास्तविक दुनिया में उपयोगिता के आधार पर करेगी।

एसबीआई लाइफ के ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख श्री रविंद्र शर्मा ने लॉन्च के अवसर पर कहा, "जब विभिन्न विचारधाराओं वाले लोग पारंपरिक सीमाओं से बाहर आकर मिलते हैं, तभी नवाचार तेजी से आगे बढ़ता है और फलता-फूलता है। युवा प्रतिभाओं को साइबर सुरक्षा, पर्सनलाइज़ेशन और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे वास्तविक जीवन की चुनौतियों को हल करने के लिए आमंत्रित कर, 'हैक-एआई-थॉन' बीमा उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप भविष्य-उन्मुख समाधान प्रस्तुत करने को प्रोत्साहित करता है। यह पहल ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तकनीक-आधारित सहयोगात्मक दृष्टिकोण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।"

उन्होंने आगे कहा, "एसबीआई लाइफ में हमारा उद्देश्य है—व्यक्तियों को उनके सपनों को पूरा करने के लिए सशक्त बनाना, और उनके प्रियजनों के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रदान करना। 'हैक-एआई-थॉन' हमारी इसी सोच का विस्तार है—जिसके माध्यम से हम युवाओं को सशक्त बनाते हैं कि वे ऐसे नवाचार करें, जो बीमा को सरल, सुलभ और डिजिटल दुनिया में और अधिक उपयोगी बनाएं। प्रतिभागियों की रचनात्मकता और समस्या-सुलझाने की मानसिकता हमें आने वाली पीढ़ियों की क्षमता पर भरोसा दिलाती है। इस पहल के ज़रिए, हम अपना वादा निभाते हैं—केवल जीवन का बीमा करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें सशक्त बनाने के लिए—अपने लिए, अपनों के लिए।" नई सोच और सहयोगात्मक समाधानों को आमंत्रित करते हुए, यह पहल ऐसे व्यावहारिक विचार उत्पन्न करने का प्रयास करती है जो एसबीआई लाइफ की डिजिटल परिवर्तन यात्रा से जुड़ें—और अंततः एक अधिक स्मार्ट, समावेशी और ग्राहक-केंद्रित बीमा अनुभव को आकार दें।

### क्राइम ब्रांच की कारवाई : ट्रेवल्स संचालक और हलवाई के पास से मिला नशा

# हथियारों के तस्कर को पकड़ा, 10 पिस्टल 2 कारतूस मिले

**संवाददाता ● इंदौर**

क्राइम ब्रांच ने मुखबिर के माध्यम से एक सिकलीगर को हथियार सहित इंदौर बुलाया और जब वह हथियार देने पहुंचा तो घेराबंदी कर धर दबोच लिया। उसके पास से 10 देशी पिस्टल, दो कारतूस जब्त किए हैं। आरोपी खुद हथियार बनाता है और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में बेचता है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिससे बड़े स्तर पर हथियारों की खरीद-फरोख्त का पर्दाफाश हो सकता है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक उनकी टीम ने हिरमल पिता सिलदार चौहान निवासी छैगांव बड़वानी को पकड़ा है। आरोपी से 10 देशी पिस्टल और दो कारतूस जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने और बेचने का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। आरोपी से विस्तार से पूछताछ की जा रही है। उसने कई बड़ी गैंग को हथियार सप्लाई किए हैं। बताया जा रहा है कि मुखबिर के माध्यम से पुलिस ने ही आरोपी को इंदौर बुलाया था।

**पूछताछ**

**बाइक से डिलीवरी** – पुलिस ने बताया कि बाइक नंबर MP46-MN-6672 से हिरमल के आने की सूचना मिली थी। वह किसी को पिस्टल की डिलीवरी देने आ रहा था। पुलिस को मुस्तैद किया। आरोपी हिरमल भंवरकुआं से मूसाखेड़ी की तरफ जा रहा था। तभी तीन इमली चौराहे के पास उसे रोककर बाइक की तलाशी ली गई। उसके बैग से 10 पिस्टल मिले।

## 22 ग्राम से अधिक एमडी



क्राइम ब्रांच की टीम ने एक ओर कारवाई करते हुए वीरेन्द्र उर्फ वीरू दयाल निवासी राजाबाग और सचिन सिंह ठाकुर निवासी सुंगधा नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 22 ग्राम से अधिक एमडी मिली है। वीरेन्द्र ने बीकॉम फाईनल की पढ़ाई की उसके बाद ट्रेवल्स के काम से जुड़ गया। उसे नशे की लत लग गई। इस दौरान उसने तस्करों से नशा खरीदकर उसे बेचना शुरू कर दिया। वहीं सचिन भी हलवाई का काम करता है। उस पर पहले भी एनडीपीएस के तीन केस दर्ज है।

### मेट्रिमोनियल साइट के जरिए शादी का झांसा

## इंडियन नेवी का अधिकारी बनकर 26.85 लाख की ठगी

एक गंभीर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने विजयनगर स्थित भाग्यश्री कॉलोनी की 30 वर्षीय महिला की शिकायत पर आरोपी जितेंद्र के खिलाफ जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने खुद को इंडियन नेवी का अधिकारी बताकर महिला से दोस्ती की और बाद में बीमारी और आर्थिक तंगी का बहाना बनाकर 26 लाख 85 हजार रुपए की ठगी कर ली। आरोपी ने खुद को ब्लड कैंसर का मरीज बताया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम भेजी गई है। महिला ने शादी के लिए एक वेबसाइट पर प्रोफाइल बनाई थी, जिसके माध्यम से फरवरी 2024 में आरोपी जितेंद्र से संपर्क हुआ। उसने बातचीत के लिए महिला से वॉट्सएप नंबर लिया और कॉल व मैसेज के माध्यम से बातचीत शुरू की। जितेंद्र ने खुद को भारतीय नौसेना में कार्यरत बताते हुए महिला का विश्वास जीता और शादी के लिए इच्छुक होने का दावा किया। महिला ने उससे अपने परिवार की कोई जानकारी साझा नहीं की थी। धीरे-धीरे दोस्ती गहरी होने पर आरोपी ने पारिवारिक परेशानियों और ब्लड कैंसर की बात कहकर पैसों की मांग शुरू कर दी।

**नेट बैंकिंग से भेजे पैसे** – एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरोपी ने महिला से वादा किया था कि वह थोड़े समय में पैसे वापस कर देगा। भरोसे में आई महिला ने नेट बैंकिंग और अन्य माध्यमों से कई किस्तों में कुल 26 लाख 85 हजार रुपए आरोपी को भेज दिए। समय बीत जाने के बाद जब पैसे वापस नहीं मिले, तो महिला ने जब रुपए लौटाने की बात की, तब आरोपी ने न केवल वेबसाइट पर अपनी प्रोफाइल ब्लॉक कर दी बल्कि मोबाइल कॉल्स उठाना भी बंद कर दिया।

**एफआईआर दर्ज, आरोपी की तलाश जारी** – जब महिला को इस पूरे घटनाक्रम की सच्चाई समझ आई, तो उसने तुरंत क्राइम ब्रांच से संपर्क कर पूरा मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र के खिलाफ फर्जी प्रोफाइल बनाकर धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी फरार है और उसकी तलाश के लिए पुलिस ने विशेष टीम तैनात कर दी है। पुलिस अब आरोपी की डिजिटल ट्रांजेक्शन डिटेल्स और कॉल रिकॉर्ड्स के आधार पर छानबीन कर रही है।

## शॉट न्यूज

### रिटायरमेंट के बाद ही आयुष्मान का लाभ 62 वर्ष से देने की मांग

**इंदौर।** रिटायर्ड लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ 60 वर्ष से देने की मांग की गई है। इसे लेकर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने सांसद और संभागायुक्त को ज्ञापन दिया है। एसोसिएशन के मार्तंडराव खानविलकर ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट की उम्र 62 वर्ष है। रिटायरमेंट के बाद अधिकतर लोगों को कई प्रकार की बीमारियां घेर लेती हैं। इससे इनके उपचार में अत्यधिक राशि व्यय होती है। कर्मचारी अपने जीवनकाल की पूंजी बच्चों के एज्युकेशन, विवाह आदि कार्यों में व्यय हो जाती हैं, जिससे उसके पास पूंजी शेष नहीं रहती है। आयुष्मान योजना में 70 वर्ष के बाद योजना का लाभ प्राप्त होता है, किन्तु कर्मचारी 62 वर्ष में ही सेवानिवृत्त हो जाते हैं। पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने मांग की है कि सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों को रिटायरमेंट के बाद से ही अर्थात 62 वर्ष से ही आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाना चाहिए।

### सीमेंट कंपनी के फर्जी डिस्ट्रीब्यूटर का लेटर देकर हड़पे 25 लाख

**इंदौर।** पंढ़रीनाथ इलाके में सीमेंट कंपनियों के फर्जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप लेटर देकर एक युवक से करीब साढे 25 लाख की धोखाधड़ी करने का प्रकरण सामने आया हैं। पंढरीनाथ पुलिस ने फरियादी विजय उर्फ विक्की जाधव की शिकायत पर आरोपी उज्जवल जैन निवासी कृष्णापुरा ग्राम नांदरा जिला खरगोन, नवीन जैन और निधि जैन के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया गया। मामला 23 अक्टूबर 2023 का है। फरियादी ने पुलिस को दिए गए आवेदन में मय दस्तावेज के बताया था कि आरोपियों ने कोरोमंडल किंग सिमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट और निमार्ण में उपयोग होने वाली रेत की खदान की रॉयलटी देने का झूठा आश्वासन दिया और सीमेंट कंपनियों के फर्जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप लेटर दे दिए और कुल राशि 25 लाख 47 हजार रुपए अपने खातों में डलवा लिए।

### ब्राउन शुगर सहित दो तस्कर गिरफ्तार राजस्थान से लाकर बेचते थे नशा

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले दो बदमाशों को एम आर 4 से घेराबंदी कर दबोचा हैं। आरोपियों के कब्जे से करीब 22.19 ग्राम ब्राउन शुगर व एक बाइक बरामद की गई। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा संदिग्ध की चेकिंग के लिए अभियान चलाया जा रहा हैं। इस दौरान एमआर-4 सिद्धेश्वर जालंधर नाथ महादेव मंदिर के सामने बाइक पर दो संदिग्ध दिखे जो पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे। 22.19 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की गई। दोनो के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया हैं।आरोपियों से ड्रग तस्करी के रैकेट को लेकर पूछताछ की जा रही हैं।उधर द्वारकापुरी पुलिस ने सिरपुर तालाब के पास से आरोपी मुकेश उर्फ छोटू महावर निवासी आस्था पैलेस को 8.05 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया हैं।



### छोटी ग्वालटोली में लोग परेशान

# दो दिन से नहीं चले नल, लोगों को पानी के लिए कर पड़ रही मशक्कत

**संवाददाता ● इंदौर**

भीषण गर्मी और तेज बारिश के बाद भी लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। नगर निगम का जल प्रदाय विभाग नलों के माध्यम से पानी की आपूर्ति नहीं कर पा रही है। यही कारण है कि कई क्षेत्रों में नल नहीं चल रहे हैं। लोगों को दैनिक जरूरत के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। बोरिंग और अन्य जलस्त्रोतों पर पानी के लिए बर्तनों की भीड़ देखी जा सकती है।

**परेशानी**

जानकारी अनुसार मध्य शहर के छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में दो दिनों से नल नहीं चले हैं। नल नहीं चलने से लोगों को पानी के लिए बर्तन लेकर भटकना पड़ रहा है। रहवासी सुबह से ही पहला काम पानी की तलाश शुरू कर रहे हैं। छोटी ग्वालटोली क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि नलों के माध्यम से आने वाला पानी वैसे तो दो दिनों से ही नहीं आया है, लेकिन इसके पहले भी कभी भी नल नहीं चलते हैं। अभी हाल ही में करीब सात दिनों तक नल नहीं चले। तब भी हमें पानी के लिए भटकना पड़ रहा था। पास-पड़ोस के बोरिंग आदि पर सुबह से ही बर्तन लेकर पहुंचना पड़ता है। तब जाकर पीने और जरूरत के पानी की व्यवस्था हो पाती है। इसके बाद भी नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी हम लोगों की पानी की किल्लत की परेशानी को नहीं समझते हैं।

### महंगी कीमतों पर खरीद रहे टैंकर




रहवासियों ने बताया कि नलों से पानी नहीं आने और नगर निगम द्वारा भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने पर वैसे तो पास-पड़ोस के बोरिंग आदि का सहारा लेना पड़ रहा है, लेकिन वर्तमान में बिजली आदि की भी गंभीर समस्या है। कभी भी दिनभर में बिजली गुल हो जाती है। ऐसे में बोरिंग की मोटर नहीं चल पाती है। हाल ही में तो दिनभर भी बिजली नहीं रही है। ऐसे में पानी कहां से लाएं तो महंगी कीमतों पर पानी के टैंकर खरीदना पड़ रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि दो-तीन परिवार मिलकर एक टैंकर पानी बुलवाते हैं और आपस में बांटकर दिनचर्या का काम चलाते हैं। परिवार वालों को नौकरी पर भी जाना होता है, ऐसे में दिनभर पानी की ही तो तलाश नहीं की जा सकती है। इसलिए पैसा खर्च कर पानी लेना पड़ रहा है।

### पानी भले ही नहीं आए, बिल के लिए लगातार करते हैं तकादा

रहवासियों ने बताया कि नलों में पानी भले ही समय पर नहीं आए, लेकिन नगर निगम द्वारा पानी का बिल समय पर जरुर आ जाता है। कभी भी पानी का बिल आने में देर नहीं लगती है। इसके बाद बिल की धनराशि जमा करने के लिए नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी बार-बार लगातार घरों में तकादा लगाते हैं। रहवासियों का कहना है कि जब नगर निगम के अधिकारियों को मालूम है कि नलों से पानी नहीं दिया जा रहा है तो वैकल्पिक व्यवस्था तो करना ही चाहिए। टैंकर आदि से भी पानी की आपूर्ति वैकल्पिक रुप से की जा सकती है, लेकिन ऐसा भी नहीं किया जा रहा है।

### बुजुर्ग व्यक्ति ने सुनाया ऐसा होता था 1971 के युद्ध के समय का ब्लैक आउट

## सायरन बजते ही दरवाजे खिड़की हो जाते थे बंद, बल्ब को ढांकते थे अखबार से...



**संवाददाता ● इंदौर**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच ताजा खबर आधी रात में आई। इसमें पता चला कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इसमें बड़ी संख्या में आतंकियों के मारे जाने की खबर है। इस खबर से पूरे देश में जश्न का माहौल है। आज देश के 300 जिलों में मॉक ड्रिल की जाएगी। मध्य प्रदेश के पांच जिलों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में शाम 4 बजे विशेष सायरन के साथ पहले से तय मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।यह ड्रिल युद्ध जैसे हालात में नागरिक सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों की जांच के लिए होगी। शाम 7.30 बजे 12 मिनट के लिए ब्लैक आउट भी किया जाएगा। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन स्तरों पर मॉक ड्रिल होगी। ब्लैक आउट के पहले एक सायरन बजाया जाएगा।

**यादें**

12 मिनट के लिए ब्लैक आउट किया जाएगा, उसके बाद फिर से सायरन बजेगा और बिजली बहाल की जाएगी। इस दौरान घरों में रोशनी के विकल्प जैसे मोमबत्ती, लालटेन, चिमनी, इमरजेंसी लाइट आदि का उपयोग दरवाजे, खिड़की पर्दे लगाकर किया जाए। रोशनी बाहर नहीं जाना चाहिए। देशवासियों ने इससे पहले 1971 में भारत पाक युद्ध के समय और उससे पहले 1962 में भारत-चीन युद्ध के समय ब्लैक आउट अनुभव किया। उज्जैन निवासी 70 वर्षीय भारत सिंह राठौड़ उस दौर के साक्षी हैं। उन्होंने मीडिया को बताया कि 'मैं उस समय आठवीं कक्षा का छात्र था। इंदौर के चिमनबाग चौराहा स्थित महाराजा शिवाजीराव हायर सेकंडरी स्कूल में पढ़ता था। ब्लैक आउट को लेकर बहुत सारी बातें अच्छी तरह से याद हैं। उस दौर में सड़कों पर आज की तरह इतनी संख्या में वाहन नहीं होते थे। गिनी चुनी कारें थीं। घरों में लोग चिमनी, लालटेन जलाकर रखते थे। दुकानदार लोग अपनी दुकानों पर लगे बल्ब को ढांकने के लिए उस पर अखबार का कागज लपेट दिया करते थे।'

### रेडियो पर आवाज गूंजते ही छा जाता था अंधेरा

- सांझ ढलते ही रेडियो पर आवाज गूंजती थी, ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है, कृपया सभी लाइटें बुझा दें। और फिर क्या, पूरा मोहल्ला जैसे अंधेरे की चादर ओढ़ लेता था।
- यह कहते हुए 74 वर्षीय गोविंद देवलिया की आंखें 1971 की उन युद्ध-भरी रातों में खो जाती हैं। स्थानीय इतिहासकार देवलिया बताते हैं, उस समय सूचना का प्रमुख साधन रेडियो था।
- आकाशवाणी की आवाज़ में वह गंभीरता होती थी कि बच्चे भी चुप हो जाते थे। ब्लैक आउट से पहले दिन में कोतवाली पुलिस के जवान तांगे पर सवार होकर शहर के विभिन्न मोहल्लों में माइक से एनाउंस करते थे कि आज ब्लैक आउट होने वाला है।

## युवती की आत्महत्या में धोखेबाज प्रेमी पर केस दर्ज

**संवाददाता ● इंदौर**

एरोड्रम इलाके में एक युवती के फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। युवती और आरोपी के बीच प्रेम प्रसंग था, मगर आरोपी ने उसे धोखा दिया और दूसरी लड़की से शादी करने वाला था। इसी से आहत युवती ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली थी। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना 13 अप्रैल की है।

नंदना नगर छोटा बागडदा रोड़ क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय हर्षिता ने घर में फांसी लगा ली थी। परिजन उसे अस्पताल ले गए थे जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पंकज चौहान निवासी वंदना नगर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज किया है। जांच के दौरान मृतका के परिजन ने पुलिस को दिए गए अपने कथनों में बताया कि बेटी हर्षिता और आरोपी पंकज चौहान दोनों में डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी ने हमारी बेटी के साथ शादी करने का वादा किया था। मगर वह मुकर गया। पुलिस ने मृतका हर्षिता लिखा एक सुसाइड नोट भी बरामद किया था। उसमें लिखा था कि पंकज ने शादी करने से मना कर दिया। इससे आत्मगलानी हो रही है। वह दूसरी लड़की से शादी कर रहा है। इसलिए जान दे रही हूं। पुलिस नससुसाइड नोट और परिजन के कथनों के आधार पर आरोपी के खिलाफ कल शाम को केस दर्ज कर लिया। अभी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### एक वर्ष बाद भी टीएनसीपी ने नहीं दिया पत्र का जवाब

# बिल्डिंगों को कमर्शियल करने की प्लानिंग अटकी...

**संवाददाता ● इंदौर**

आईडीए अपना राजस्व बढ़ाने के लिए तरह-तरह के जतन कर रहा है। हालांकि आईडीए इस कोशिश को दूसरे विभागों का पूर्णतया सपोर्ट नहीं मिल रहा है। इस कारण आईडीए को सफलता नहीं मिल पा रही है। ताजा मामला भी कुछ इसी तरह का है इसमें टीएनसीपी के असहयोग के कारण आईडीए का राजस्व नहीं बढ़ पा रहा है। दरअसल, मामला आईडीए की स्कीमों में रहवासी बिल्डिंगों को कमर्शियल किए जाने का है। इसके लिए आईडीए ने टीएनसीपी से अभिमत मांगा है, लेकिन 1 वर्ष बीतने पर भी टीएनसीपी से कोई जवाब नहीं दिया गया है। इस कारण जहां आईडीए का राजस्व नहीं बढ़ रहा है वहीं रहवासी इमारत को कमर्शियल में बदलने का काम भी रुका हुआ है। जानकारी अनुसार विभिन्न स्कीमों में आईडीए रहवासी बिल्डिंग को कमर्शियल करने की

**कारण**



तैयारी में है। इसके लिए आईडीए ने एक वर्ष पहले नगर एवं ग्राम निवेश (टीएनसीपी) को पत्र भेजा है। हालांकि अब तक पत्र का जबाव नहीं आने से व्यावसायिक इमारतों को लेकर आईडीए कुछ नहीं कर पा रहा है। हाल ही में स्कीम नंबर 54 के कुछ लोग आईडीए आफिस गए। उन लोगों ने भू संपदा शाखा में सम्पर्क कर उनके आवासीय प्रकोष्ठ को व्यावसायिक कराने की बात कही तो अधिकारी ने यह कहकर रवाना कर दिया कि अभी इस संबंध में टीएनसीपी का अभिमत आना शेष है। एक वर्ष से टीएनसीपी के चक्कर लगा रहे हैं, वहां से कुछ जबाव नहीं मिल रहा। मामले में टीएनसीपी के उप संचालक का कहना है कि अभिमत के लिए आईडीए का पत्र नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा गया है, वहां से जबाव आने के बाद वे आईडीए को विधिवत अनुमति प्रदान करेंगे। इस पर आईडीए अधिकारियों का कहना है कि वैसे भी कई योजनाओं में उसके करोड़ों रुपए अटके हैं। दूसरे विभागों का सहयोग नहीं मिलने से भी राजस्व को नुकसान पहुंचता है।स्कीम नंबर 54 में कई प्लाट, बिल्डिंगों को फ्री होल्ड किया जाना है, लेकिन इसके पहले आवासीय को व्यावसायिक में बदलना होगा।

### आईडीए को मिलनी है बड़ी मात्रा में फीस

व्यावसायिक करने की अनुमति के बाद आवासीय इमारत की ट्रांसफर फीस आईडीए को मिलेगी। यही नहीं, ट्रांसफर होने के बाद फ्री होल्ड का शुल्क भी जमा होगा, जिससे काफी राहत मिल जाएगी, लेकिन टीएनसीपी को इससे कोई लेना देना नहीं है। इसके कारण वह व्यावसायिक इमारत होने की अनुमति में विलंब कर रहा है।

## संपादकीय

# इस दुष्चक्र से निकलना ज़रूरी

हिंसा एक दुष्चक्र है। युद्ध इस हिंसा का सबसे भयानक रूप है। यह बात बार बार याद की जाना चाहिए कि पूरी दुनिया कई युद्धों के साथ दो विश्व युद्ध से कितनी बर्बाद हुई है और कितने करोड़ों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है, इसकी कल्पना करना लगभग असंभव है और इसके लिए निर्दोषों को कितनी बड़ी कीमत चुकाना पड़ी है इसका आकलन तो असंभव ही है। और इसके बाद इसके दुनिया में हुई तबाही के बाद पुनर्निर्माण में कितना परिश्रम, कितना पसीना, कितना खून बहाना पड़ा है, इसकी अनेक कहानियां इतिहास में दर्ज है और विस्थापित लोगों के तमाम त्रासद कहानियां भी और यह भी कि उन्होंने युद्धों में कितने अत्याचार झेले और देखे। और बाकी जीवन के लिए वे उनके लिए दुःस्वप्न बन गए। पहलकाम में आतंकी हमला नृशसंता है और यह एक तरह से भारत पर हमला है और जाहिर है, इसका प्रतिकार ज़रूरी था लेकिन इस त्रासदी को क्या कहा जाए कि हिंसा और फिर प्रतिहिंसा और उसकी प्रतिक्रिया में फिर हिंसा और फिर प्रति हिंसा का एक दुष्चक्र चल पड़ता है और यह सिलसिला कहां जाकर रूकेगा इसकी कल्पना की जा सकती है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और बहुत सुविचारित ढंग से प्रतिकार किया। लेकिन इसके बाद पाकिस्तानी ने सेना कश्मीर के सीमावर्ती गांवों में गोलीबारी की और फिर से निर्दोष लोगों का मार दिया। और अब भारत फिर से इसका प्रतिकार करने के लिए तैयार है और उसने लाहौर में पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह नाकाम कर दिया है। अब पाकिस्तान अपनी बौखलाहट में भारत के कई अग्रिम स्थानों पर गोलाबारी की है और भारतीय सेनाओं की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी नुकसान हुआ है। भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा है। लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त करने के बाद भारत में 15 शहरों में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया। जाहिर है हमला और हमला का बदलना लेना का यह अंतहीन सिलसिला कितना भयानक साबित होगा इसकी आशंका से सभी परिचित हैं।

भारत ने कई स्तरों पर आतंकवादी हमले का प्रतिकार किया है। एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर और दूसरी ओर दुनिया के कुछ देशों को इसकी जानकारी देकर। और अब जबकि यह मुद्दा लगातार गंभीर और भयानक होता जा रहा तो इस बनते-बिगड़ते परिदृस्य में अरब और ईरान के प्रतिनिध दिल्ली आकर भारत से संवाद कर रहे हैं। बुधवार को ही भारत ने यह साफ कर दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग के दौरान भारत ने यह स्पष्ट किया था कि हमारा जवाब संतुलित था और टकराव बढ़ाने के मकसद से नहीं था। ब्रीफिंग में यह स्पष्ट किया गया था कि हमने पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को टारगेट नहीं किया है। लिहाजा, अगर भारत के सैन्य ठिकानों पर कोई हमला किया जाता है तो इसका उचित जवाब दिया जाएगा। वक्तव्य के मुताबिक, 7 और 8 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। इनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, उत्तरलाई, नाल, फलौदी और भुज शामिल थे। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों के जरिए इन स्थानों को निशाना बनाया। हालांकि, काउंटर यूएएस और एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से भारत ने इन हमलों को निष्क्रिय कर दिया। गुरुवार सुबह देश के सशस्त्र बलों ने अपनी जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई ठिकानों को निशाना बनाया। पाकिस्तान जिस तरह से हमले कर रहा है, भारत का जवाब भी वैसा ही है। पाकिस्तान नियंत्रण रेखा स्थित जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उड़ी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में मोर्टार से गोले दाग रहा है, इनमें 16 नागरिकों की जान गई है। इनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। भारत को पाकिस्तान ने करारा जवाब दिया तो पाकिस्तान को गोलाबारी रोकना पड़ी लेकिन युद्ध को हर हाल में टालना ज़रूरी है।

## कही-सुनी

• शब्दार्थ | **जलज : पंकज**

सरोज, कमल, राजीव, अरविंद, नीरज।

• कहन | **डंका बजना : वर्चस्व होना**

ऑपरेशन सिंदूर से भारत का डंका बज रहा है।

## कविता



**बर्तोल्त ब्रेख्त**

बर्तोल्त ब्रेख्त जर्मनी के विश्वविख्यात कवि-नाटककार-नाट्य निर्देशक हैं। ब्रेख्त की कविताएं, कविता और गद्य : बर्तोल्त ब्रेख्त, द थ्रीपेनी ऑपेरा, मदर करेज एंड हर चिल्ड्रन, द गुड पर्सन ऑफ सेचवान प्रमुख कृतियां प्रकाशित। उनकी कविताएं कई भाषाओं में अनूदित हैं।

### युद्ध

युद्ध जो आ रहा है
पहला युद्ध नहीं है।
इससे पहले भी युद्ध हुए थे।
पिछला युद्ध जब खत्म हुआ
तब कुछ विजेता बने और कुछ विजित-
विजितों के बीच आम आदमी भूखों मरा
विजेताओं के बीच भी मरा वह भूखा ही।

दो
भूखों की रोटी हड़प ली गई है
भूल चुका है आदमी मांस की शिनाख्त
व्यर्थ ही भुला दिया गया है जनता का पसीना।
जय पत्रों के कुंज हो चुके हैं साफ।
गोला बारूद के कारखानों की चिमनियों से
उठता है धुआं।

अनुवाद : मोहन थपलियाल

## # ट्रेंडिंग ऑन टॉप

### #rohit

भारतीय क्रिकेट को बुधवार को बड़ा झटका लगा, जब रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने का फैसला लिया। बुधवार को रोहित ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वह फिलहाल टेस्ट में टीम इंडिया के कप्तान भी थे। हालांकि, आईपीएल के बीच में अचानकर उन्होंने यह फैसला क्यों लिया, यह चौंकाने वाला है। भारतीय टीम को अगले महीने इंग्लैंड का दौरा करना है और इस सीरीज से ही भारत ने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत होगी। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। वह वनडे में भारतीय टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे। रोहित का टेस्ट में हाल फिलहाल में फॉर्म भी खराब रहा था। हालांकि, उन्होंने किस वजह से ये फैसला लिया, इसको लेकर फैंस उत्सुक हैं। खराब फॉर्म...खराब कप्तानी या फिर कोई और वजह है जिसने उन्होंने तत्काल प्रभाव से संन्यास लेने के लिए मजबूर किया.। रोहित शर्मा को 2022 में टेस्ट प्रारूप का नियमित कप्तान बनाया गया था। तब से लेकर हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे तक वह क्रिकेट के सबले लंबे प्रारूप में टीम इंडिया के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में भारत ने 24 टेस्ट खेले और इसमें से सिर्फ 12 टेस्ट में टीम इंडिया को जीत मिली। नौ टेस्ट में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। तीन टेस्ट ड्रॉ रहे। रोहित की आलोचना तब से शुरू हुई, जब भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में अहम टेस्ट सीरीज गंवा बैठा। 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को कीवियों के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज जीतनी जरूरी थी, लेकिन भारतीय टीम वह सीरीज 3-0 से गंवा बैठी।इसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी भारत को 3-1 से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में हार मिली। इस सीरीज में तो रोहित को आखिरी टेस्ट के लिए बेंच पर बैठा दिया गया। तब भी उनके संन्यास की अटकलें लगी थीं, लेकिन फिर उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से बात कर इन अटकलों का खंडन किया था। उन्होंने तब कहा था कि आगे क्या होगा किसी ने नहीं देखा और वह फॉर्म में वापसी का दम खम रखते हैं।

## 'सिंदूर'

'आपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दर्शाते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट था।

# सार्थक पहल और सख्त संदेश



पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए 'आपरेशन सिंदूर' की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। 'आपरेशन सिंदूर' में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।



**ललित गर्ग**
स्वतंत्र लेखक

'आपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दर्शाते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया।

भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है।

यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव "क्षमा करो और भूल जाओ" को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है। पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें। पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मर्यादा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेकशून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है।

> अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है।

दरअसल, पाकिस्तान इसलिए अपनी आतंकी सोच बढ़ाता जा रहा था, क्योंकि उसे ठीक से कड़ा संदेश नहीं मिल रहा था। आतंकी योजनाओं को नाकाम करने की सख्त जरूरत पड़ी, ताकि आगे हम अपने और जवान न खोयें, निर्दोषों को मरते न देखें, अशांति को न झेले एवं भय को न जीये। भारत ने यह कर दिखाया है। तमाम आतंकी अड्डे को मटियामेट किया गया, वैसे तमाम अड्डे पाकिस्तानी सेना के संरक्षण और समर्थन से ही चलते रहे हैं। अभी तक पाकिस्तान ऐसे अड्डों को खत्म करने का दिखावा करने के साथ यह बहाना भी बनाता रहा है कि हम तो खुद ही आतंक के शिकार हैं। यह झूठ न जाने कितनी बार बेनकाब हो चुका है, किंतु पाकिस्तान बेशर्मी से बाज नहीं आता। सफल हवाई हमले को अंजाम देने के बाद भारत दुनिया को यह संदेश देने में भी कामयाब रहा कि उसने पाकिस्तान को निशाना बनाने के बजाय उसके यहां कायम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

वायुसेना ने अपनी पराक्रम क्षमता और साहस का जो परिचय दिया, वह पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय को भी एक संदेश है। वह यह संदेश इसीलिए दे सकी, क्योंकि प्रधानमंत्री ने जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया। पाकिस्तान के मनोबल को तोड़कर ही आतंकवाद को परास्त किया जा सकेगा। अब पाकिस्तान को यह भय भी सताएगा कि उसकी ओर से भारत के खिलाफ कोई कदम उठाया गया तो उसे कहीं अधिक करारा जवाब मिलेगा। उस जबाव का अर्थ होगा पाकिस्तान के सम्मुख संकटों के पहाड़ खड़े होना, वहां की अर्थ-व्यवस्था ध्वस्त होना, जनजीवन का परेशान होना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ना। भारतीय सेना को अब और भी ज्यादा मुस्तैद-सतर्क रहना होगा और बेहतर रणनीति के साथ तैयारी भी मजबूत रखनी होगी, ताकि पाकिस्तान की तरफ से अगर कोई जवाबी कार्रवाई होती है, तो उसका हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे सके।

## इति-खास | 09 मई 1945 : विश्व युद्ध में जीत का जश्न



इसी दिन 1945 में दूसरे विश्व युद्ध में सोवियत यूनियन ने दूसरे विश्व युद्ध में अपनी जीत का जश्न मनाया।

### भोपाल में 63 साल पहले बसा था पटेल नगर; अब तक सुविधाएं नहीं मिली

# पानी, सड़क-स्ट्रीट लाइट नहीं, आंदोलन की चेतावनी

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल के पटेल नगर के लोगों ने पानी, सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ये कॉलोनी 63 साल पहले साल 1962 में बसाया गया था। वर्तमान में यहां 5 हजार से अधिक लोग रह रहे हैं। पटेल नगर 90 एकड़ में ए से एफ-6 सेक्टर तक बसा है। रायसेन रोड पर होने के बावजूद कॉलोनी के लोग पानी, सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी की टूटी-फूटी सड़कों पर धूल उड़ रही है। उजड़े पार्कों में अब असामाजिक तत्वों का कब्जा है। कॉलोनाइजर ने विकास कार्यों की अनदेखी ही नहीं की, बल्कि कॉलोनी के लिए छोड़ी गई सुविधाओं की भूमि को भी बेचा जा रहा है।

**आंदोलन**

### 14 महीने पहले बनी संस्था, अब करेगी आंदोलन

रहवासियों ने 14 महीने पहले एक रहवासी संस्था का गठन किया था, लेकिन संस्था के चुनाव नहीं होने दिए जा रहे हैं। इसे लेकर मंत्री, विधायक और विभागीय अधिकारियों से शिकायतें की जा चुकी है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि पटेल नगर के रहवासी अब जाग चुके हैं। अब न झूठे वादे चलेंगे और न बहाने। अपने हक के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उपाध्यक्ष मनीष उपाध्याय, वरिष्ठ सदस्य जीपी मिश्रा, रमेशकुमार तिवारी ने बताया कि सुविधाओं के लिए आंदोलन करने की रणनीति बना रहे हैं। इसके लिए बैठकों का दौर भी जारी है।



### लोग बोले- परेशान हो रहे

रहवासी चित्रा झा ने बताया कि धूल भरी सड़कों पर बच्चों और बुजुर्गों का निकलना मुश्किल हो गया है। पानी की सुविधा भी नहीं है। ऐसे में परेशान हो रहे हैं। अंजू आचार्य का कहना है कि उजड़े पार्कों और अंधेरी गलियों में रात के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। सुषमा दुबे ने बताया, सुविधाओं के लिए जिम्मेदारों से कई बार गुहार लगा चुके हैं। बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। इसलिए आंदोलन में शामिल होंगे। अर्चना चतुर्वेदी, नंदलाल साहू, केएम विष्णु, अरविंद सचान, गीता डोंगरे ने भी सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही है।

## शॉट न्यूज

### प्रापटी के लिए बेटे से विवाद के गुस्से में भड़का पिता, बहू को मार दी गोली

**भोपाल**। मध्य प्रदेश के भोपाल में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां ससुर ने बहू को गोली मार दी। घर में पारिवारिक प्रॉपर्टी के विवाद को लेकर झगड़ा हो रहा था, तभी झगड़ा इतना बढ़ गया कि ससुर ने घर में रखी लाइसेंसी बंदूक से बहू पर फायर कर दिया। बहू अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका उपचार चल रहा है। मामला भोपाल के परवलिया थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाले ईश्वर सिंह लवाना का अपने बेटे नरेश से प्रॉपर्टी विवाद को लेकर झगड़ा हो रहा था। देखते ही देखते झगड़ा इतना बढ़ गया कि ईश्वर सिंह ने घर में रखी लाइसेंसी बंदूक निकाल ली और फायर कर दिया। ये गोली सीधे नरेश की पत्नी संगीता लवाना के बाएं हाथ में लग गई। संगीता अपने पति नरेश को बचाने आई थी, जिससे उसे ही गोली लग गई। गोली लगते ही संगीता जमीन पर गिर गई और खून बहने लगा। परिवार जन संगीता को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने सर्जरी कर गोली निकाल दी है। फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। अब वो खतरे से बाहर है।

### कार पर बैठकर दूल्हे ने लहराई तलवार...

**ग्वालियर**। इस समय सोशल मीडिया पर रील का ऐसा नशा छाया है कि हर कोई किसी भी स्थान पर रील बना रहा है, चाहे वह मिला हो या फिर दूल्हा और दुल्हन। ऐसा ही ग्वालियर से अनोखा मामला सामने आया है, जिसे दूल्हा-दुल्हन की वीडियो को देखकर हर कोई हैरान है। ग्वालियर में सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह में एक दूल्हा-दुल्हन ने यातायात नियमों का खुलकर उल्लंघन करते नजर आए। तानसेन ओवरब्रिज पर कार पर खतरनाक स्टंट करते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में दुल्हन कार के बोनट पर बैठी दिखाई दे रही है। दूल्हा कार की छत पर खड़ा होकर तलवार लहरा रहा है। यह घटना हाल ही में हुई एक शादी के बाद की बताई जा रही है, जिसका वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताया जा रहा है कि यह शहर की पड़ाव और ब्रिज का वीडियो है, जहां से यह शूट किया गया है।

### हिडन कैमरा लगा लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाने वाला मुस्लिम गिरफ्तार

**मुरैना**। मध्य प्रदेश के मुरैना से एक हैरान करना वाला मामला सामने आया है। यहां एक मुस्लिम युवक हिंदू नाम का इस्तेमाल करके छात्राओं को फंसाता था। वहीं उसके साथी ने उसकी हरकतों को खुलासा कर दिया। आरोपी असलम ने कंप्यूटर सेंटर में हिडन कैमरा लगाकर छात्राओं के अश्लील वीडिया बनाता था। पुलिस ने जांच में कई वीडियो बरामद किए हैं। पुलिस जांच कर रही है कि आरोपी किसी संगठित गिरोह का सदस्य तो नहीं है। दरअसल, मुरैना जिले में अभि इंसानियत नाम से एक कंप्यूटर सेंटर चल रहा था। इस कंप्यूटर सेंटर में असलम नाम का एक शिक्षक जो अपना नाम अभि चौहान और अभि राजपूत बताता था। जानकारी के मुताबिक ये सेंटर पिछले दो साल से चल रहा था। आरोपी असलम ने कंप्यूटर सेंटर में हिडन कैमरा लगा रखा था। इन कैमरों की निगरानी से आरोपी छात्राओं के अश्लील वीडियो बनाता था। पुलिस ने आरोपी के पास से छात्राओं के कई अश्लील वीडियो बरामद किए हैं।

### मप्र सड़क विकास निगम की 46वीं संचालक मंडल बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

# सड़क निर्माण-दीर्घकालिक जरूरतों पर दें विशेष ध्यान : सीएम यादव



**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में सड़कों का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए और उसमें दीर्घकालिक जरूरतों को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाएं। उन्होंने कहा कि सड़कें प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास की रीढ़ हैं। उनका निर्माण टिकाऊ, सुरक्षित और आधुनिक मानकों के अनुरूप हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता सुनिश्चित की जाएं। साथ ही सड़क परियोजनाओं के निर्माण में तय समय-सीमा का पालन किया जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द बेहतर आवागमन सुविधाएं मिल सकें। बैठक में प्रदेश में चल रही प्रमुख सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी कार्य योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

**बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़क निर्माण में नवीन तकनीकों को अपनाया जाए और पर्यावरणीय मानकों का पालन कर पारिस्थितिकीय संतुलन का भी ध्यान रखा जाए। बैठक में लोक निर्माण मंत्री एवं मप्र सड़क विकास निगम के उपाध्यक्ष राकेश सिंह, मुख्य सचिव एवं मप्र सड़क विकास निगम के उपाध्यक्ष अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ल, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव खनिज साधन उमाकांत उमराव, प्रबंध संचालक मप्र सड़क विकास निगम भरत यादव, निगम में स्वतंत्र संचालक एवं संचालक मंडल के विशेष सदस्य वेंकटेश बालासुब्रमण्यम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एक हजार किमी से अधिक लंबाई की रोड बनाई

बैठक में निगम के प्रबंध संचालक यादव ने बताया कि निगम द्वारा गत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 1586 करोड रुपए की लागत से 1127 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कराया गया। इसी दौरान सड़क विकास के पूंजीगत कार्यों पर 2761.47 करोड रुपए एवं संधारण व मरम्मत कार्यों पर 280.79 करोड रुपए इस प्रकार कुल 3042.29 करोड रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जारी वित्त वर्ष के लिए 1425 किमी सड़क निर्माण का लक्ष्य लिया गया है। इस पर 3134 करोड़ रुपए खर्च किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा चिन्हित मार्गो के पुनर्निर्माण, संधारण, डामरीकृत नवीनीकरण, सुदृढ़ीकरण, रेगुलर कॉन्ट्रैक्ट एवं उपभोक्ता शुल्क संग्रहण के लिए निविदा आमंत्रित की गयीं। निविदा समिति के अनुमोदन उपरांत 35 प्रकार के सड़क निर्माण कार्यों के लिए 3443.72 करोड रुपए की निविदाएं स्वीकृत कर न्यूनतम दर वाले निविदाकारों को निविदा स्वीकृति पत्र जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भोपाल-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 46 में नवीन प्रस्तावित एकरेखण (एलाईनमेंट) के लिए कार्यवाही की जा रही है। इससे भोपाल-जबलपुर मार्ग की दूरी कम हो जाएगी।

### पटवारी की गृह तहसील में नहीं होगी पदस्थापना

# राजस्व विभाग ने नई संविलियन नीति 2025 कर दी जारी



**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग ने पटवारियों के अंतर्जिला संविलियन के लिए नई नीति 2025 जारी की है, जिसमें कई नई शर्तें और प्रक्रियाएं निर्धारित की गई हैं। इस नीति के तहत पटवारी अब अपनी गृह तहसील में पदस्थ नहीं हो सकेंगे और एक बार जिला आवंटित हो जाने के बाद उसमें कोई बदलाव भी संभव नहीं होगा। नीति में यह भी उल्लेख है कि यदि संविलियन आदेश जारी होने के 15 दिनों के भीतर पटवारी उपस्थिति नहीं देता है, तो आदेश निरस्त माना जा सकता है। संविलियन प्रक्रिया पर विभाग का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**बदलाव**

पटवारी परीक्षा 2022 के परिणाम 16 फरवरी 2024 से पहले नियुक्त पटवारी ही सामान्य स्थिति में संविलियन के लिए पात्र होंगे। इसके बाद नियुक्त पटवारी केवल विशेष परिस्थितियों जैसे पति/पत्नी का शासकीय पदस्थापन, गंभीर बीमारी या आपसी आधार पर ही आवेदन कर सकेंगे। संविलियन के बाद जिला कलेक्टर द्वारा तहसील में पदस्थापना की जाएगी, लेकिन गृह तहसील में किसी भी पटवारी की पदस्थापना नहीं की जाएगी।

### ऑनलाइन आवेदन करना होगा

आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए उनको आयुक्त भूअभिलेख को ऑनलाइन देना होगा। ऑफलाइन आवेदन या दस्तावेज स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन में विशिष्ट श्रेणी जैसे चयन का वर्ग एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, अनारक्षित एवं उपवर्ग ओपन, महिला, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग बताना होगा। संविलियन उन्हीं जिलों में होगा, जहां रिक्त पद उपलब्ध होंगे और आरक्षण नियमों एवं जिला रोस्टर का पालन किया जाएगा। एक बार जिला आवंटित हो जाने पर फिर से जिला परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी और पटवारी को अनिवार्यत: कार्यभार ग्रहण करना होगा। नवीन जिले में कार्यभार ग्रहण करने के बाद पटवारी की वरिष्ठता उसकी प्रथम नियुक्ति तिथि से मानी जाएगी और विभागीय दायित्व भी वहीं से होंगे।

## गांव में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने किया नेशनल हाईवे जाम

**संवाददाता ● खरगोन**

मध्यप्रदेश के खरगोन जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित मेनगांव थाना क्षेत्र में जमकर हंगामा हुआ। यहां गांव में अवैध शराब की बिक्री को लेकर करीब 100 से अधिक महिलाएं और बड़ी संख्या में पुरुष नेशनल हाइवे-347 (सी) पर अचानक ही धरना देने बैठ गए, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस से आक्रोशित महिलाओं की जमकर बहस हुई। चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय राजमार्ग पर चले करीब आधा घंटे के इस हंगामे के दौरान बड़ी संख्या में दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। इस बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझाइश देकर महिलाओं को शिकायत करने थाने चलने को कहा, जिसके बाद थाने पहुंचे ग्रामीणों ने करीब दो घंटे से अधिक वहां भी हंगामा किया। हालांकि, इस बीच जिला प्रशासन के द्वारा मौके पर आबकारी के अमले को भी भेजा गया। वहीं, अधिकारियों से अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद महिलाओं का यह हंगामा समाप्त हुआ। बता दें कि हंगामा कर रही महिलाओं का आरोप था कि गांव में अवैध शराब की बिक्री तेजी से बढ़ रही है।

## पेंच टाइगर रिजर्व के पास कुएं में गिरा बाघ

**संवाददाता ● छिंदवाड़ा**

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के अंतर्गत पेंच नेशनल पार्क के बफर झोन में एक बाघ खेत में बने खुले कुएं में गिर गया। यह हादसा जमनारा गेट से लगभग पांच किलोमीटर दूर ठाटा और दादाझीर गांव के बीच खेत में हुआ। कुआं बिना मुंडेर का था, जिससे बाघ उसमें गिर गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और करीब सात घंटे के लंबे और जोखिम भरे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाघ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दोपहर के समय खेत पहुंचे किसान ने कुएं में बाघ को फंसा हुआ देखा और तुरंत इसकी जानकारी खेत मालिक को दी। खेत मालिक ने वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद अफसरों की टीम मौके पर पहुंची।

### 7 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन



घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही लगभग एक घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। सबसे पहले बांस की बनी खटिया को रस्सी से बांधकर कुएं में उतारा गया। इसके ऊपर एक पिंजरा रखा गया। हाईड्रोलिक मशीन की सहायता से पिंजरे को नियंत्रित किया गया। थका हुआ बाघ जैसे ही पिंजरे में चढ़ा, उसे सावधानीपूर्वक ऊपर खींचकर बाहर निकाला गया। इस पूरे ऑपरेशन में रेस्क्यू टीम, डिप्टी डायरेक्टर रंजीत सिंह और अनुभवी अमले ने अहम भूमिका निभाई।

### भोपाल के बार, होटल-रेस्टोरेंट में दबिश

# आबकारी टीम ने रात में की कार्रवाई अवैध तरीके से परोसी जा रही थी शराब

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल के बार, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में बुधवार देर रात आबकारी विभाग की टीमों ने बड़ी कार्रवाई की। 4 टीमें मैदान में उतरीं और एक दर्जन से अधिक स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान यहां अवैध शराब का स्टॉक करने के साथ ग्राहकों को भी परोसना सामने आया। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि 4 टीमों ने केरवा डेम रोड, रातीबड़, 10 नंबर, अरेरा कॉलोनी, बैरागढ़ क्षेत्र के विभिन्न रेस्टोरेंट, होटल ढाबों पर देर रात तक कार्रवाई की।

**दबिश**




### यहां की गई कार्रवाई

ब्लू लगून, हाइड आउट, ट्री चैप्टर, बेसिल, कंट्री साइड मिडोज, वन माल्ट, खासियत, आर-एम बायंस, मोक्ष क्लब, रजवाड़ा ढाबा, पेज-3, कुसीन कल्चर आदि में कार्रवाई की गई। संचालक/ मालिकों पर आबकारी एक्ट की धाराओं में 48 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

### बैरसिया रोड पर भी कार्रवाई

इसके अलावा बैरसिया रोड के किनारे अवैध हाथ भट्टी से बनी शराब बेचने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। सहायक आयुक्त धाकड़ ने बताया कि गुरुवार को भी कार्रवाई की जाएगी।

# सैफ की 20 साल पुरानी फिल्म होगी री-रिलीज, रानी मुखर्जी के साथ हिट रही थी जोड़ी



बॉलीवुड में री-रिलीज़ का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। इसी सिलसिले में 90 के दशक और 2000 के दशक की शुरुआत की कई फिल्में सिनेमाघरों में वापस आ रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर री-रिलीज़ की गई फिल्मों की सफलता के बाद, सैफ अली खान और रानी मुखर्जी की फिल्म 'हम तुम' 21 साल बाद फिर से सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'हम तुम' 16 मई को फिर से रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को 2004 में रिलीज के दौरान काफी सफलता मिली थी। यह देखना दिलचस्प होगा कि बॉलीवुड प्रेमी इस अपडेट पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं, क्योंकि हम तुम 2000 के दशक की सबसे यादगार रोमांटिक कॉमेडी में से एक है। यह फिल्म पहली बार 28 मई, 2004 को रिलीज हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म के लिए सैफ अली खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया था। उन्हें हम तुम के लिए फिल्मफेयर अवाड्र्स में कॉमिक रोल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भी पुरस्कार मिला। पुरस्कार समारोह के दौरान उन्होंने यह सम्मान अपनी बेटी सारा अली खान को समर्पित किया था। अपने भाषण में सैफ ने कहा था, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस श्रेणी के लिए नामांकित होते हैं, जब तक आप जीतते हैं।' सारा, यह तुम्हारे लिए है!' रानी मुखर्जी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता था। हम तुम एक कार्टूनिस्ट करण और एक बेहद उत्साही महिला रिया के बारे में एक फिल्म है। करण का किरदार सैफ अली खान ने निभाया है, जबकि रानी मुखर्जी ने रिया की भूमिका निभाई है। उनके रास्ते एक-दूसरे से मिलते हैं और उनके बीच प्यार-नफरत की कहानी सामने आती है। कलाकारों में किरण खेर, ऋषि कपूर, परिणीता सेठ, विवेक मदान, शिल्पा मेहता और अन्य शामिल हैं। इस फिल्म में सैफ के किरदार को खूब प्यार मिला था। आज भी सैफ के इस किरदार को लोग भूले नहीं हैं। अब एक बार फिर आप इस किरदार को सिनेमाघरों में जाकर देख सकते हैं। ये फिल्म 16 मई को फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।



# कौन सा तू तानसेन की औलाद है

## प्रियंका चोपड़ा के सामने रो-रोकर मीका सिंह का हुआ था बुरा हाल, सुने थे ताने



मीका सिंह इंडस्ट्री के टॉप सिंगर्स की लिस्ट में शामिल हैं। जब भी उनके गाने बजते हैं तो फैंस के कदम खुद ब खुद थिरकने लगते हैं। हालांकि, जहां-जहां मीका सिंह जाते हैं, वहां-वहां उनके साथ विवाद भी चलता है। राखी सावंत को किस करना हो या शो में आकांक्षा पुरी के साथ स्वयंवर रचाना, मीका सिंह चर्चा में बने ही रहते हैं। हालांकि, इस बार हिंदी और पंजाबी सिनेमा के मशहूर सिंगर मीका सिंह अपने उस समय को याद करके भावुक हो गए, जब उन्होंने अपना सिंगिंग करियर शुरू ही किया था। हाल ही में उन्होंने एक खास बातचीत में बताया कि एक बार तो वह किसी बात को लेकर प्रियंका चोपड़ा के सामने ही रो पड़े थे। क्यों ग्लोबल आइकॉन के सामने निकले थे मीका के आंसू, नीचे पढ़ें पूरी खबरः मीका सिंह ने हाल ही में शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में रियलिटी शो और अपने शुरुआती संघर्ष के बारे में बताते हुए कहा कि वह अपनी सिंगिंग को लेकर बहुत ही इमोशनल रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी आवाज को लेकर उन्हें काफी ट्रोल किया जाता था। उस समय को याद करते हुए मीका सिंह ने कहा, 'कभी-कभी मैं अपने ही गानों को सुनकर रोने लगता हूं'। मीका सिंह ने आगे बताया कि जब उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी और वह लोगों को ये बताते थे कि वह गाना गाते हैं, तो उन्हें ये कहकर ताना मारा जाता था कि 'कौन सा तू तानसेन की औलाद है'। सिंगर ने बताया कि जब रियलिटी शो में उन्हें किसी का गाना सुनकर रोना आता था, तो लोग ताने देते थे और आज के समय में पूरी इंडस्ट्री रियलिटी शो में रोती है। आपको बता दें कि दलेर मेहंदी के छोटे भाई मीका सिंह बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने से पहले कीर्तन में गाया करते थे। उनका साल 1998 में 'सावन में लग गई आग' गाना रिलीज हुआ था, जिन्होंने उन्हें रातों-रात लोकप्रियता दिलाई।

# सिविल सेवा में जाना चाहती थी निकिता दत्ता



बॉलीवुड अभिनेत्री निकिता दत्ता सिविल सेवा में जाना चाहती थी। निकिता दत्ता ने हाल ही में एक कार्यक्रम में अपने सिनेमा के सफर पर खुलकर बात की। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने करियर के एक अनछुए पहलू का ज़िक्र किया। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब वह संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा देकर सिविल सेवाओं में जाना चाहती थीं। निकिता ने बताया, मैं एक आर्मी परिवार से आती हूं।मेरे आसपास लगभग हर कोई किसी न किसी रूप में सेना से जुड़ा रहा है। ऐसे अनुशासित माहौल में पल-बढ़कर, मेरा भी झुकाव एक व्यवस्थित जीवन की ओर था। एक समय तो ऐसा था जब मैं यूपीएससी परीक्षा में शामिल होकर सिविल सर्विसेज की राह पर जाना चाहती थी। मेरे जैसे किसी इंसान के लिए, जिसने अब अभिनय को अपना पेशा बना लिया है, यह बदलाव काफी बड़ा था। हम ऐसे माहौल में पले-बढ़े जहां नियम, अनुशासन और कर्तव्य सबसे ऊपर थे। वहीं, क्रिएटिव फील्ड में करियर बनाना, जहां हर दिन कुछ नया और अनिश्चित होता है, मेरे लिए पूरी तरह से अलग अनुभव था। लेकिन मुझे लगता है कि वही अनुशासन मुझे इस इंडस्ट्री में स्थिर और केंद्रित रहने में मदद करता है, जो अक्सर काफी अव्यवस्थित लगती है।" निकिता को इस समय उनकी हालिया फिल्म 'ज्वेल थीफ' में उनके किरदार फराह के लिए काफी सराहना मिल रही है। दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने उनकी अदायगी को प्रभावशाली, बारीक़ियों से भरी और अब तक के करियर की सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस में से एक बताया है।

# माही श्रीवास्तव और प्रियांशु पांडेय का गाना 'बर्बाद हो जइबू' रिलीज



माही श्रीवास्तव और प्रियांशु पांडेय का गाना 'बर्बाद हो जइबू' रिलीज हो गया है। गाना 'बर्बाद हो जइबू' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने अपने ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है।इस गाने को लेकर माही श्रीवास्तव ने कहा कि 'सैड गाने का एक अलग ही रस है। ये गाना प्यार में धोखा खाये दिलजले प्रेमियों का दिल छूने वाला है। यह गाना अब तक रिलीज हुए गानों से काफी शानदार बनाया गया है। इस गाने को प्यार आशीर्वाद देने के लिए सभी ऑडियंस को दिल से थैंक्यू कहती हूँ। इतना बेहतरीन गाना बनाने के लिए रत्नाकर सर को दिल से थैंक्यू।' वहीं प्रियांशु पांडेय ने कहा कि 'यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के एमडी रत्नाकर कुमार सर ने मुझे बहुत बड़ा ब्रेक दिया है। ये मेरा तीसरा गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी ने रिलीज किया है। इसके लिए रत्नाकर कुमार सर को तहेदिल से धन्यवाद देता हूँ। इस गाने को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है, उसके लिए सभी श्रोताओं को दिल से धन्यवाद देता हूं।' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत 'बर्बाद हो जइबू' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रियांशु पांडेय ने गाया है। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं।इस गाने के गीतकार अर्जुन शर्मा हैं, जबकि संगीतकार छोटू रावत हैं। वीडियो डायरेक्टर गोल्डी जायसवाल, डीओपी राजन वर्मा, कोरियोग्राफर सनी सोनकर, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

# तलाक के बाद आइटम सॉन्ग में दिखीं धनश्री वर्मा, गाना देख यूजर्स को आई 'चहल' की याद



बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस वामिका गब्बी अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और इस बीच फिल्म का नया गाना जारी किया गया है। इस गाने में राजकुमार राव के साथ कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा नजर आ रही हैं और ये क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक के बाद धनश्री का पहला गाना है। ऐसे में तलाक के बाद धनश्री वर्मा को आइटम सॉन्ग करते देख सोशल मीडिया पर यूजर्स के रिएक्शन आने लगे हैं। 'भूल चूक माफ' के नए गाने का टाइटल 'टिंग लिंग सजना' है, जिसमें राजकुमार राव के साथ धनश्री वर्मा का धांसू डांस मूव्स करती दिखाई दे रही हैं। लाल रंग की ड्रेस में धनश्री बेहद बोल्ड एंड ग्लैमरस लग रही हैं, तो दूसरी तरफ उनकी जोड़ी राजकुमार राव के साथ इस गाने में काफी जच भी रही है। धनश्री एक शानदार ड्रांसर हैं और इस गाने में उनके मूव्स भी एकदम किलर हैं। धनश्री वर्मा और राजकुमार राव के गाने 'टिंग लिंग सजना' को आउट हुए अभी ज्यादा वक्त भी नहीं गुजरा है और लोगों के रिएक्शन इस पर आने शुरू हो गए हैं। एक यूजर ने कमेंट कर बोला, 'आज तुम्हारे हूं मैं कल को बेगानी। 1:23 ये लाइन धनश्री को सूट करती है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'युजी भाई भी जायेंगे फिल्म देखेंगे।' एक अन्य यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'तलाक के बाद ही सफल इंसान बनता है आज देख भी लिया।' तो एक यूजर ने कहा, 'अगर ये गाना वायरल हो गया तो चहल भाई क्या करेंगे वो हर ट्रेंडिंग गाने पर वीडियो बनता है।' इसी तरह गाने पर सोशल मीडिया यूजर्स मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघर में दस्तक देने वाली है और इस मूवी में पहली बार वामिका के साथ राजकुमार की जोड़ी पर्दे पर नजर आएगी। फिल्म के अब तक दो ट्रेलर मेकर्स रिलीज कर चुके हैं और फिल्म में एक से बढ़कर एक मजेदार पंच लाइन फिल्म में सुनने को मिलने वाली है। स्त्री और स्त्री 2 के बाद एक बार फिर कॉमेडी अंदाज में राजकुमार दिखाई देने वाले हैं।

# 'संग क्यों नहीं...' पिता ने साथ में फिल्म में किया काम

## अमिताभ बच्चन को अपना दादाजी मान बैठा ये स्टार किड



वर्ष 2011 में अमिताभ बच्चन पहली बार बाबा बने जब अभिषेक और ऐश्वर्या की बेटी आराध्या का जन्म हुआ। बेशक, इससे पहले वे नाना बन चुके थे जब उनकी बेटी श्वेता के बच्चे हुए थे। ये तीनों ही बच्चे इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि बिग बी उनके दादा हैं। लेकिन एक आपको पता है एक स्टार किड ऐसा भी है जो मानता है कि बिग बी उसके दादा हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उसने एक फिल्म देखी थी जिसमें बिग बी ने उसके पिता के पिता की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म कोई और नहीं बल्कि साल 2001 की हिट फिल्म कभी खुशी कभी गम है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने शाह रुख खान के पिता का किरदार निभाया था और हम बात कर रहे हैं शाह रुख खान के सबसे छोटे बेटे अबराम खान की। अबराम का जन्म 2013 में सरोगेसी के जरिये हुआ था। बिग बी ने 2018 में आराध्या का जन्मदिन मनाते हुए इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी थी। अबराम के साथ फोटो शेयर करते हुए अमिताभ ने लिखा, यह छोटा सा बच्चा अबराम है। शाहरुख का छोटा बेटा... जो बिना किसी संदेह के सोचता है,विश्वास करता है और आश्वस्त है कि मैं उसके पिता का पिता हूं... उसे इस बात पर आश्चर्य होता है कि शाहरुख के पिता उनके साथ क्यों नहीं रहते! बेशक, शाह रुख और बिग बी ने मोहब्बतें, वीर-ज़ारा, कभी अलविदा ना कहना और पहेली जैसी अन्य फिल्मों में भी काम किया है। ये बॉलीवुड के दो दिग्गज हैं जिन्होंने कई बार स्क्रीन शेयर की और दर्शकों को चौंका दिया है।

# करण ने मलाइका से उनके प्राइवेट पार्ट को लेकर पूछा ऐसा सवाल

## कैसा लगता है जब कोई आपके...





मलाइका अरोड़ा चर्चा में बनी ही रहती हैं और हाल ही में उनके पिता के निधन के बाद वो खबरों में रहीं थीं। लेकिन इस वक्त उनका एक पुराना वीडियो सामने आ रहा है जो कि आपको चौकाने के लिए काफी है। बता दें कि ये वीडियो तब का है जब मलाइका एक शो होस्ट करती थीं जिसका नाम 'मूविंग विद मलाइका' था। इस दौरान उनके साथ काउच पर करण जौहर थे और करण ने मलाइका से कुछ ऐसे प्राइवेट सवाल पूछ लिए थे कि वो अंकंफर्टेबल हो गईं थीं। इस दौरान एक मोमेंट वो था कि मलाइका अरोड़ा जाकर करण जौहर की गोद में बैठ जाती हैं और करण भी उनको दोनों हाथों से पकड़ लेते हैं। इसके बाद करण जौहर ने कुछ ऐसा पूछा कि वो शरमा गईं थीं। करण जौहर ने मलाइका अरोडा के प्राइवेट पार्ट को लेकर बात करते हुए पूछा, ''हर कोई आपके Ass को देखता और बात करता है। ऐसे में उन्हें कैसा लगता है?'' इस सवाल को सुनकर मलाइका शर्म से लाल हो गईं और काफी असहज महसूस कर रहीं थीं। वीडियो के सामने आते ही लोग कई तरह की बातें कर रहे हैं। करण जौहर ने प्राइवेट पार्ट्स के अलावा मलाइका अरोड़ा से उनकी शादी, बेडरूम सीक्रेट्स और काफी कुछ पूछ डाला। इसके बाद मलाइका का कहना था कि ये काउच उनका नहीं बल्कि मेरा। करण ने मलाइका से पूछा, ''शादी कब करने जा रही हो, इस वक्त किसको डेट कर रही हो? बेडरूम में एक्सपेरीमेंट करती हो या नहीं? इन सब बातों को सुनकर मलाइका अरोड़ा का हाल काफी बुरा हो गया था।

# निशात रेप केस पर फूटा हिना खान गुस्सा



श्रीनगर के निशात इलाके में हाल ही में एक महिला पर 4 शराबियों ने हमला किया और फिर रेप कर उसकी हत्या कर दी। मामला सामने आने के बाद देशभर में आक्रोश है, हालांकि एक हिस्सा ऐसा भी है जो शराब को इस हत्या और रेप के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है। इस मामले पर अब हिना खान ने शराब को दोषी ठहराने वालों को करारा जवाब दिया है। एक्ट्रेस का कहना है कि राक्षस हर धर्म और समुदाय में हैं, जो मौके की तलाश में रहते हैं, ऐसे में सिर्फ शराब को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। हिना खान ने ऑफिशियल X प्लेटफॉर्म में लंबी-चौड़ी पोस्ट शेयर कर लिखा है, क्या कोई इन बेवकूफों को रेप और शारीरिक शोषण में फर्क बताएगा। रेप, रेप है और मर्डर, मर्डर है। शारीरिक शोषण को अलग-अलग बताया जा सकता है, लेकिन ये रेप सिर्फ एक संकेत है। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि अपराधी ऐसा कर नहीं सका, न कि ये कि अपराधी ने ऐसा नहीं किया। एक रेपिस्ट खुद के अलावा हर किसी को दोषी ठहराता है। उस अपराधी की तरह व्यवहार न करें। अपराधी को मुफ्त में भागने का कार्ड देने के लिए शराब का इस्तेमाल न करें। रेप को ठीक मत ठहराइए। यौन उत्पीड़न को भी ठीक मत ठहराइए। धर्म, समुदाय, भूगोल या पहनावे के नाम पर नहीं।




फीनिक्स, यू.एस। सैन कार्लोस अपाचे जनजाति की नेलिन पाइक, अपाचे द्वारा पवित्र मानी जाने वाली भूमि ओक फ्लैट को एरिज़ोना में रिज़ॉल्यूशन कॉपर खनन कंपनी को बेचने से रोकने के लिए एक विरोध प्रदर्शन के दौरान मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना में भाग लेती हैं।

## शॉट न्यूज

### दरोगा समेत 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड, विभागीय जांच होगी

**लखनऊ।** यूपी के रायबरेली जिले में कोतवाली क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर रोक लगाने में नाकाम एक हल्का दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया। एसपी ने जांच में दोषी पाए गए पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच किए जाने के आदेश दिए हैं।क्षेत्र के रामसांडा गांव में अवैध रूप से गांजा का कारोबार तेजी के साथ फल-फूल रहा था। गांजे की तस्करी बाराबंकी से की जा रही थी। गांजा कारोबार की जानकारी एसपी डॉ यशवीर सिंह को हुई तो उन्होंने इसकी गोपनीय जांच कराई। इसके बाद एसओजी प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा और ऊंचाहार कोतवाली प्रभारी संजय कुमार को निर्देशित किया कि अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगाया जाए। दोनों टीमों ने छापेमारी की तो करीब पांच किलो गांजा बरामद किया गया और तीन लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

### कार्डिनल्स वोटिंग के पहले दिन नया पोप नहीं चुन पाए

**वेटिकन।** वेटिकन में कल शुरू हुए पैपल कॉन्क्लेव के पहले दिन किसी को भी पोप नहीं चुना गया। 133 कार्डिनल्स ने पहले दौर में वोटिंग की, लेकिन किसी भी उम्मीदवार को जरूरी दो-तिहाई बहुमत (89 वोट) नहीं मिला। रोमन कैथोलिक चर्च के सिस्टिन चैपल पर स्थित चिमनी से काला धुंआ निकला, जो इस बात का संकेत है कि अभी तक नए पोप का चयन नहीं हुआ है। अब आज चार दौर की वोटिंग होगी, जिसमें दो सुबह और दो दोपहर में। यह प्रोसेस तब तक जारी रहेगी जब तक नया पोप चुन नहीं लिया जाता। सिस्टिन चैपल में औपचारिक जुलूस और हर कार्डिनल की तरफ से गोपनीयता की शपथ लेने के बाद, कल रात करीब 9:15 बजे वोटिंग का पहला दौर शुरू हुआ। करीब 3 घंटे इंतजार के बाद 12:35 काला धुआं दिखाई दिया। इसके वहां मौजूद 45 हजार से ज्यादा लोगों ने जोरदार तालियां बजाई।

### पाकिस्तान की फजीहत : 15 सदस्यों की बंद कमरे हुई मीटिंग में आतंकवाद को लेकर

# यूएनएससी सदस्यों देशों ने पूछे पाक से कड़े सवाल

**संयुक्त राष्ट्र ● एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बीच टकराव की स्थिति है और हालत युद्ध तक के बन गए हैं। इसे कम करने को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बंद कमरे में बैठक हुई। इस बैठक के लिए अनुरोध तो पाकिस्तान ने किया था लेकिन इस वैश्विक पटल पर पाकिस्तान की ही फजीहत भी हो गई। इसकी वजह यह है कि 15 सदस्यों की बंद कमरे में हुई इस मीटिंग में आतंकवाद को लेकर पड़ोसी मुल्क पर ही सवाल उठ गए। पहलगाम हमले में लश्कर ए तैय्यबा की भूमिका को लेकर शहबाज शरीफ सरकार की घिर गई। न्यूयॉर्क में सूत्रों के मुताबिक यूएनएससी की बैठक को लेकर बताया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने अनौपचारिक सत्र में पाकिस्तान के लिए कठिन सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने पाकिस्तान के फर्जी और फॉल्स नेरेटिव को

**बैठक**



पार करने को स्वीकारने से इनकार कर दिया। मीटिंग के दौरान सदस्यों ने पूछा कि क्या पहलगाम आतंकी हमले में लश्कर-ए-तैयबा के इसमें शामिल होने की संभावना है।

इस क्लोज डोर मीटिंग में पाकिस्तान को सदस्य देशों से काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। वहीं पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई। इस दौरान यह भी कहा गया कि धार्मिक आधार पर पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया गया, जो कि सबसे घृणित कृत्य था। मीटिंग के दौरान पाकिस्तान को वहीं चुभने वाली बातें सुनने को मिलीं, जिसको लेकर आए दिन भारत पाकिस्तान को फटकार लगाता है।

#### शांति की बात और युद्ध के संकेत

यूएनएससी की इस 15 सदस्यीय क्लोज डोर मीटिंग में पाकिस्तान की दोहरी नीति पर भी सवाल खड़े किए गए। मीटिंग के दौरान कई सदस्यों ने चिंता व्यक्त की पाकिस्तान बात तो शांति की कर रहा है लेकिन उसकी उसके मिसाइल परीक्षण और परमाणु बमों को लेकर बयानबाजी तनाव बढ़ा रही है।

#### यूएन चीफ ने की थी शांति की अपील

गौरतलब है कि बंद कमरे में हुई यूएनएससी की इस बैठक से कुछ घंटे पहले संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने को लेकर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने की अपील की थी। हालांकि मीटिंग के दौरान दोनों ही देशों के प्रतिनिधियों के बीच काफी तनाव देखने को मिला।

#### कैसे मकसद में फेल हो गया पाकिस्तान


यूएनएससी की यह बैठक पाकिस्तान ने ही बुलाई थी उसका मकसद था कि भारत के साथ उसके चल रहे टकराव का अतंर्राष्ट्रीयकरण हो जाए लेकिन ऐसा कुछ हुआ ही नहीं। मीटिंग में सभी सदस्य देशों ने पाकिस्तान के प्रतिनिधि को सलाह दी कि उन्हें भारत के साथ द्विपक्षीय रुप से मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत करनी चाहिए।

### द्वितीय विश्व युद्ध की 80वीं वर्षगांठ पर ट्रम्प का ऐलान

# आज 'विजय दिवस' मनाएगा अमेरिका : डोनाल्ड ट्रम्प

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधिकारिक रूप से 8 मई को विजय दिवस के रूप में घोषित किया, जिसे अमेरिका की द्वितीय विश्व युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर मनाया जाएगा। इस मौके पर, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के विश्व युद्ध 2 के समाप्ति पर सभी सहयोगी इस विजय सप्ताह को मना रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ने खुद कभी इस विजय का उचित रूप से जश्न नहीं मनाया है, जबकि इस जीत में उनका बड़ा योगदान था। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका ने इस युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी और यह हमारी विजय ही थी जिसने युद्ध को समाप्त किया। उन्होंने इसे उन सैनिकों के लिए भी अनुचित बताया जिन्होंने अपनी जान की कुर्बानी दी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'यह उन लोगों के लिए एक बड़ा अपमान है, जिन्होंने इस जीत के लिए अथक मेहनत की।' उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका ने न सिर्फ युद्ध जीता, बल्कि युद्ध के बाद ध्वस्त हो चुके देशों को पुनर्निर्माण में



मदद भी की। ट्रंप ने ऐलान किया कि अमेरिका उन साहसी अमेरिकी नागरिकों का सम्मान करेगा जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में सेवा दी।

**अमेरिका को उपलब्धियों के लिए श्रेय लेना शुरू करना चाहिए ट्रंप :** ट्रंप ने कहा कि सभी अमेरिकी नागरिकों को इस उपलब्धि पर गर्व होना चाहिए। ट्रंप ने यह भी कहा कि वे हर साल इस विजय दिवस को मनाएंगे और भविष्य में प्रथम विश्व युद्ध के लिए भी एक अलग विजय दिवस मनाएंगे। ट्रंप ने यह भी मजाक में कहा कि भविष्य में इतने सारे विजय दिवस होंगे कि छुट्टियों के लिए समय भी कम पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'अमेरिका को अब अपने द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों के लिए श्रेय लेना शुरू करना चाहिए।'

### घूमने के लिए भी करना होगा ज्यादा खर्च

# ब्रिटेन सरकार ने बढ़ाई वीजा फीस, पढ़ना हुआ महंगा




**लंदन ● एजेंसी**

ब्रिटेन ने अपनी इमिग्रेशन प्रणाली में बड़े बदलाव किए हैं। ये बदलाव इसी हफ्ते 9 अप्रैल से लागू हो जाएंगे। इन बदलावों से विदेशी कर्मचारियों के लिए नियम सख्त होंगे और वीजा आवेदन में खर्च भी ज्यादा जाएगा। ब्रिटेन में विदेशी छात्रों और कामगार वर्ग में एक बड़ा हिस्सा भारतीयों का है। ऐसे में इन नियमों से भारतीय भी प्रभावित होंगे। ब्रिटेन जाकर काम करने या पढ़ने के लिए अब ज्यादा पैसा खर्च करना होगा और पहले से ज्यादा मुश्किल प्रक्रिया से भी गुजरना होगा। यूके में काम के लिए वीजा की चाह रखने वालों को अब ज्यादा फीस देनी होगी, चाहे वे विदेश से आवेदन करें या फिर यूके के अंदर से ही अप्लाई करें। इसमें स्किल्ड वर्कर रूट के तहत आवेदन करने वाले लोग भी शामिल हैं। यूके होम ऑफिस ने इमिग्रेशन फीस की नई लिस्ट जारी की है। अलग-अलग वीजा कैटेगरी जैसे कि काम, पढ़ाई और घूमने के लिए आवेदन करने वाले विदेशी नागरिकों को ज्यादा फीस देनी होगी। इसके साथ ही यूके की नागरिकता के लिए भी ज्यादा पैसे देने होंगे।

#### कंपनियों को भी ज्यादा खर्च करना होगा

कंपनियों को भी विदेश से कर्मचारियों को काम पर रखके लिए ज्यादा खर्च करना होगा। स्किल्ड वर्कर वीजा के लिए न्यूनतम वेतन 23,200 पाउंड से बढ़कर 25,000 पाउंड प्रति वर्ष हो जाएगा। इससे नौकरी देने वाली कंपनियों और आवेदन करने वालों दोनों के लिए यह प्रक्रिया महंगी हो जाएगी। छात्रों की बात की जाए तो स्टूडेंट वीजा फीस वर्तमान 490 पाउंड से 7 फीसद बढ़कर 524 पाउंड (भारतीय 58059 रुपए) हो जाएगी। ब्रिटेन विजिटर वीजा फीस में 10 फीसद की वृद्धि होगी और छह महीने के वीजा की फीस 127 पाउंड होगी। दो, पांच और दस साल के लॉन्ग-टर्म विजिट वीजा भी महंगे हो जाएंगे। डायरेक्ट एयरसाइड ट्रांजिट वीजा फीस 39 पाउंड तक हो जाएगी, जबकि लैंडसाइड ट्रांजिट वीजा फीस 70 पाउंड होगी। जिन नागरिकों को ब्रिटेन आने के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं है, उनके लिए आवश्यक ईटीए शुल्क 60 फीसदी बढ़कर 16 पाउंड हो जाएगी।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)